# 6. शब्द भंडार

## समानार्थी शब्द

हिंदी भाषा में समान अर्थ वाले शब्दों का अपार भंडार विद्यमान है। ये शब्द समान अर्थ प्रकट करते हैं। वे शब्द जो किसी शब्द का एक समान अर्थ प्रकट करते हैं, समानार्थी शब्द कहलाते हैं।

### शिक्षण-संकेत

- ❖ पाठ पृष्ठ 37-38 पर दिए समानार्थी शब्दों को पढ़वाएँ।
- ❖ उनसे कुछ शब्दों के समानार्थी पूछें।
- ❖ प्रत्येक छात्र को बोलने का समान अवसर दें।
- ❖ समझाएँ, समानार्थी शब्दों का प्रत्येक स्थिति के अनुसार अलग रूप प्रयोग किया जाता है। समानार्थी शब्दों का प्रयोग वाक्य के भाव तथा संदर्भ के अनुसार ही करना चाहिए।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।